





अंक 17, 7 अगस्त 2017

# संगठन संवाद पत्र

## विस्तृत प्रवास, हरियाणा

2, 3 और 4 अगस्त 2017







## चुनावी सफलताओं को दें स्थायित्व

## 2 अगस्त 2017

(प्रातः 9:30 से रात्रि 1:30)











**9.30** दिल्ली निवास से रोहतक के लिए सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान

**10.30** हरियाणा राज्य में प्रवेश पर मुख्यमंत्री द्वारा स्वागत के उपरांत टिकरी बार्डर एवं संपला समेत रोहतक शहर प्रवेश से पूर्व 7 स्थानों पर भव्य स्वागत

**12.15** तिलियार कन्वेंशन सेंटर, रोहतक में आगमन पर वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा स्वागत

**1.00** कन्वेंशन सेंटर में प्रदेश स्तर से लेकर जिले स्तर तक के पदाधिकारियों के साथ खुली चर्चा में श्री शाह ने सभी के विचार मुक्त मन से सुने और उनका यथोचित संज्ञान लिया

**2.15** वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भोजन

**3.30** कोर ग्रुप की बैठक में श्री शाह ने कोर ग्रुप और उसके पदाधिकारियों के लिए कार्ययोजना और लक्ष्यों का निर्धारण किया

**5.00** प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी के विचार धैर्यतापूर्वक सुने

**6.15** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आगमन और शहीदों को श्रद्धा सुमन

**6.30** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय सभागार में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते हुए श्री शाह ने भाजपा की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए पार्टी की सरकारों द्वारा केंद्र और विभिन्न राज्यों में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों पर भी प्रकाश डाला

**7.30** तिलियार कन्वेंशन सेंटर के कांफ्रेंस रूम में विधायकों और सांसदों के साथ बैठक

**9.00** राज्य के वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों के साथ भोजन पर चर्चा

**11.30** दूसरे राज्य से आये पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक

**12.30** नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य के साथ सुभेक्षा भेंट

**1.30** रात्रि विश्राम





# प्रवास कार्यक्रम

## 3 अगस्त 2017 (प्रातः 8:15 से रात्रि 12:30)









**8.15** वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ नाश्ता

**9.30** शिव शक्ति धाम काली बाबा में भेंट एवं दर्शन

**10.00** शिव शक्ति धाम से संघ कार्यालय के लिए प्रस्थान और मार्ग में बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा का माल्यार्पण

**10.30** संघ कार्यालय में आगमन और वरिष्ठ पदाधिकारियों से अनौपचारिक भेंट और चर्चा

**12.15** रोहतक भाजपा कार्यालय में आगमन और श्री मंगल सेन जी की प्रतिमा का माल्यार्पण

**12.20** रोहतक भाजपा कार्यालय में ई-पुस्तकालय का उदघाटन

**12.45** नव गठित प्रकल्पों और विभागों के प्रतिनिधियों के परिचय के उपरांत श्री शाह ने उनके समयबद्ध लक्ष्यों का निर्धारण किया

**1.30** तिलियार कन्वेंशन सेंटर के लिए प्रस्थान

**2.00** तिलियार कन्वेंशन सेंटर में साधू-संतों के साथ भोजन

**3.30** प्रेस वार्ता में श्री शाह ने मोदी सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियों को मजबूती से रखा

**4.30** तिलियार कन्वेंशन सेंटर के कांफ्रेंस रूम में मंत्रिमंडल के साथ बैठक में श्री शाह ने सरकार और पार्टी के बीच समन्वय से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

**6.00** चुनाव प्रबंधन, सोशल मीडिया और संगठन के द्वारा की गई प्रस्तुति में श्री शाह ने इन विभागों के कामों का अवलोकन करके समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किये

**7.30** आजीवन सहयोग निधि की बैठक में श्री शाह ने पार्टी की नियमित गतिविधियों के लिए समुचित कोष की जरूरत पर बल देते हुए लक्ष्यों का निर्धारण किया

**8.30** वरिष्ठ संपादकों के साथ भोजन पर चर्चा

**10.00** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें

**12.30** रात्रि विश्राम






## 4 अगस्त 2017

(प्रातः 9:00 से सायं 3:50)

**9.00** मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ नाश्ता

**10.00** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय पहुँच कर श्री शाह ने भाजपा अस्वस्थ सांसद बाबा चांदनाथ का कुशल क्षेम पूछा

**11.00** तिलियार कन्वेंशन सेंटर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय विस्तारक योजना में निकले पूर्णकालिक विस्तारकों को स्वयं प्रशिक्षण देकर उन्हे उत्साहित किया और प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उनके समन्वय की रणनीति तय की

**12.00** कोर ग्रुप की बैठक

**1.00** कार्यकर्ता सम्मलेन

**2.15** पार्टी कार्यकर्ता श्री तारा देव चाहर के निवास पर मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ पार्टीजनों के साथ भोजन

**3.25** तिलियार कन्वेंशन सेंटर में आगमन और समीक्षा बैठक

**3.50** दिल्ली के लिए प्रस्थान


















# चुनावी सफलताओं को दें स्थायित्व



अखिल भारतीय विस्तृत प्रवास कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह का हरियाणा में 2, 3 और 4 अगस्त 2017 को तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम रहा। इस दौरान श्री अमित शाह की उपस्थिति में हुई तमाम बैठकों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों से पार्टी को संगठन एवं विचारधारा के प्रसार एवं प्रचार की दृष्टि से उल्लेखनीय लाभ मिला है। राजनीतिक रूप से प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को सही ढंग से जनता के बीच रखने का मंत्र उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिया। इस प्रवास कार्यक्रम को पार्टी निम्न उपलब्धियों के रूप में देख रही है।

- प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के कारण पिछले दो चुनावों में मिली भारी विजय को स्थायित्व देने की जरूरत की बात श्री शाह ने इस प्रवास के दौरान कई मौको पर कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा यह स्थातिव सरकार के अच्छे कार्यों और संगठन को मजबूती देने से ही आ सकता है। श्री शाह के इस कथन से स्थानीय कार्यकर्ताओं में पार्टी को मजबूत करने की आवश्यकता का एहसास हुआ, जिसके दूरगामी परिणाम मिलने की संभावना है।

- सुशासन, संगठन विस्तार के अतिरिक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को ऐसे सामाजिक वर्गों और भौगोलिक क्षेत्रों में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए जहां पर पिछले दो चुनावों में भाजपा को वांछित समर्थन नहीं मिला था। पार्टी के सामाजिक विस्तार के लिए दलित समाज को जोड़ने के लिए श्री शाह ने बूथ समितियों में कम से कम 20 दलित कार्यकर्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा। इसी कड़ी में उन्होंने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पार्टी के प्रभाव को बढ़ाने के लिए सरकार के किसानो के हित में किये गए कार्यों के प्रभावी प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। इन दोनों प्रकल्पों से पार्टी निश्चित रूप से पार्टी को नए वोट जोड़ने का लाभ मिलेगा।

- प. दीनदयाल उपाध्याय विस्तारक योजना में निकले पूर्ण कालिक विस्तारको को प्रशिक्षण देते समय श्री शाह ने विस्तारकों को स्पष्ट रूप से कहा कि पार्टी का विस्तार और चुनावी सफलता का अंतिम लक्ष्य भारत माता को विश्वगुरु बनाना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस भावनात्मक विचार से विस्तारको में पारम्परिक राजनैतिक प्रतिस्पर्धा की भावना से हटकर राष्ट्रभक्ति के भाव से काम करने की प्रेरणा मिली जो कि पार्टी के लिए बहुत ही सकारात्मक संकेत है।

- पार्टी, मोर्चो, विभागों और प्रकल्पो के संगठन के विस्तार पर प्रथक बैठकें लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन विस्तार का काम 30 सितम्बर तक ख़त्म करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी की विभिन्न शाखाओं के कार्यो का अवलोकन करते हुए सभी के लिए समयबद्ध निश्चित लक्ष्य तय किये जिससे पार्टी को मजबूत करने की दिशा में दूरगामी परिणाम मिलेंगे।

- केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को मिलने वाली राशि में 34409 करोड़ की वृद्धि (22914 करोड़ से 57323 करोड़) का हवाला देते हुए श्री शाह ने कहा की केंद्र सरकार हरियाणा के विकास के लिए वचनबद्ध है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्र की योजनाओं से हरियाणा को मिलने वालो लाभों में उज्जवला योजना, मुद्रा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ो और स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि का उल्लेख करते हुए प्रदेश सरकार के जनहित कार्यों को भी रेखांकित किया। श्री शाह ने कहा हरियाणा देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में आता है परन्तु यहाँ भी एक बड़ा वर्ग काफी गरीब है अतः प्रदेश सरकार को इस वर्ग को केंद्र में रख कर काम करना होगा। श्री शाह के इस कथन का प्रदेश के गरीब, पिछड़े और दलित वर्ग में एक सकारात्मक सन्देश गया है।

- मीडिया और भाजपा विरोधी दल लगातार प्रदेश नेतृत्व के बदलाव का दुष्प्रचार कर रहे थे। श्री शाह ने पिछले माह चंडीगढ़ प्रवास के दौरान और इस बार रोहतक प्रवास में स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री पर विश्वास जता कर इन सभी अफवाहों पर हमेशा के लिए विराम लगा दिया जिससे प्रदेश नेतृत्व को स्थायित्व के साथ काम करने का अवसर मिलेगा।

# जिला कार्यालय निर्माण प्रकल्प

भारतीय जनता पार्टी अब देश के हर कोने तक विस्तार कर चुकी एक राष्ट्रीय पार्टी है। एक दल के रूप में सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित रूप से कार्यों का संचालन हो, इसके लिए स्थायी कार्यालय का होना एक अनिवार्य आवश्यकता की तरह है। भारतीय जनता पार्टी के पास जिला स्तर पर अभी सभी जिलों में स्वामित्व वाला कार्यालय नहीं है। इस बुनियादी आवश्यकता को समझते हुए पार्टी ने "जिला कार्यालय निर्माण प्रकल्प" के माध्यम से इसे पूरा करने का लक्ष्य चिन्हित किया है। देश के हर प्रदेश स्थित प्रत्येक जिले में भारतीय जनता पार्टी का अपना कार्यालय हो, इस लक्ष्य से साथ कार्य करने और इसे पूरा करने की जरुरत है। इस प्रकल्प के अंतर्गत उन जरुरी उपायों को चिन्हित करते हुए कार्य दायित्व की व्यवस्था की गयी है, जिससे पार्टी इस लक्ष्य को तय समय में प्राप्त कर सके।

- प्रकल्प के अंतर्गत इस लक्ष्य पर कार्य किया जाना है कि देश के प्रत्येक प्रशासनिक जिले पर भारतीय जनता पार्टी का अपना (स्वामित्व के साथ) कार्यालय हो।
- यह शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अनुरूप कार्यालय निर्माण की योजना पर कार्य करता है। स्थान विशेष के महत्व एवं आवश्यकता का मूल्यांकन करते हुए कार्यालय निर्माण के लक्ष्यों को निर्धारित करना एवं उसके लिए ठोस उपायों पर कार्य करना, इस प्रकल्प का दायित्व है।
- इस संबंध में यह तय किया गया है कि कार्यालय निर्माण के संबंध में केन्द्रीय इकाई द्वारा भी जिला कार्यालय निर्माण के लिए कुछ सहायता प्रदान की जायेगी।
- प्रकल्प का यह दायित्व है कि वह सुनिश्चित करे कि कार्यालय निर्माण के साथ-साथ उसमे युगानुकुल सुविधाएं भी उपलब्ध हों। कार्य प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने की व्यवस्था की दृष्टि से सभी सुविधाएं उपलब्ध हों।
- जिला कार्यालय निर्माण प्रकल्प की देखरेख में प्रदेश स्तर पर एक टीम का गठन हो जो प्रदेश स्तर पर देखरेख करते हुए जिला कार्यालय निर्माण कार्य की प्रगति आदि पर विस्तृत जानकारी और विवरण तैयार रखे।

## जिला कार्यालय निर्माण प्रकल्प पर श्री अमित शाह का विचार

कार्यालय किसी भी संगठन के सुचारू संचालन के लिए महत्पूर्ण इकाई है। भाजपा में संगठनात्मक बैठकों की परम्परा की परम्परा को स्थायित्व देने के लिए कार्यालय का विशिष्ट महत्व है। केन्द्रीय इकाई से लेकर जिला स्तर तक की कार्यप्रणाली में एकरूपता लाने के लिए पार्टी ने देश के सभी जिलों में कार्यालय निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। इस कार्य का दायित्व जिला कार्यालय निर्माण प्रकल्प को दिया गया है।



"मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दिशानिर्देशन में और श्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई कहानी लिखेगा और एक विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित होगा।"

हरियाणा की भाजपा सरकार सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं की सरकार नहीं है बल्कि हरियाणा के एक-एक व्यक्ति की सरकार है। हमने श्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा की राजनीति की संस्कृति को बदलने का काम किया है।

*****

13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने शेयर इन सेंटर टैक्स में हरियाणा के लिए 14,937 करोड़ रुपये आवंटित किये जबकि 14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने 42,847 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की, ग्रांट इन ऐड को भी दुगुना किया गया।

*****

हरियाणा को केन्द्रीय योजनाओं के लिए 19 हजार करोड़ रुपये और डिस्कॉम के लिए 14,200 करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए गए हैं, इस तरह सभी मदों में तीन साल में मोदी सरकार ने हरियाणा को 67,691 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई गई है।

*****

खट्टर सरकार के अथक प्रयासों से हरियाणा में लिंगानुपात सुधरा है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने स्वर्ण जयन्ती वर्ष में प्रदेश को किरोसिन मुक्त हरियाणा का तोहफा दिया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कम्प्यूटराईज्ड करके भ्रष्टाचार को ख़त्म किया गया है।

*****

आजादी के बाद पहली बार जीरो करप्शन के साथ हरियाणा में पारदर्शी भर्तियाँ हुई हैं, शिक्षा विभाग में भी ऑनलाइन ट्रांसफर लागू किया गया है, लगभग 35000 लोगों को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया गया है और इसमें लगभग 91 प्रतिशत लोगों को अपने मनपसंद स्थान पर प्रतिनियुक्ति मिली है।

*****

यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम हरियाणा में ऐसी सरकार चलायें जो किसी परिवार, जाति या व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि सबके लिए काम करने वाली सरकार हो, आज हरियाणा में श्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में आजादी के बाद पहली बार सबकी सरकार काम कर रही है।

*****

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशती वर्ष में हम हरियाणा में एक ऐसी भारतीय जनता पार्टी के निर्माण का लक्ष्य रखें जो अपराजेय हो और यदि ऐसी पार्टी बनाने का लक्ष्य पाना है तो हर बूथ को भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ बनाना पड़ेगा।

*****

आप जब कोई भी वस्तु लेने बाजार जाते हैं तो काफी जांच-पड़ताल के बाद ही लेते हैं, इसी तरह किसी पार्टी के हाथों इतने विशाल देश की बागडोर सौंपने से पहले उस पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र, सिद्धांत और उसकी कार्यपद्धति की समीक्षा जरूर करें।

*****

संगठन का देश के कोने-कोने में विस्तार करना एवं पार्टी की विचारधारा को स्वीकृति दिलाना - यही दधीचि की तरह अपना सर्वस्व दान करके पार्टी एवं देश की सेवा करने वाले कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

*****

कांग्रेस की यूपीए सरकार के 13वें वित्त आयोग की तुलना में मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में हरियाणा को लगभग ढाई गुना ज्यादा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। हरियाणा को केन्द्रीय योजनाओं के लिए 19 हजार करोड़ रुपये और डिस्कॉम के लिए 14,200 करोड़ रुपये अतिरिक्त उपलब्ध कराये गए हैं।

देश में संस्कारपूर्ण माहौल तैयार कर रही भाजपा

अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही भाजपा : शाह

**भाजपा का सिद्धांत भ्रष्टाचार मुक्त भारत : शाह**

**शाह ने देखी मंत्रियों की परफार्मेंस रिपोर्ट**

यूपी और एमपी के बाद अब हरियाणा में भी
शुरू होगा मेरा घर-भाजपा का घर अभियान

**काम का ब्लू प्रिंट भी दे गए शाह**

**भाजपा के शाह की शाही एंट्री**

बहादुरगढ़ से रोहतक तक सड़कों पर उमड़ा पार्टी कार्यकर्ताओं का हुजूम

मिशन 2019: अमित शाह ने दिया विकास का मंत्र

प्रदेश में अब तक एक परिवार या फिर एक जाति की सरकार बनती थीः शाह

अपने विभाग को चुस्त-दुरुस्त रखें मंत्री

**जनहित नहीं लालच के लिए बनते हैं क्षेत्रीय दल**

पिछड़े वर्ग की भलाई में कांग्रेस रोड़ा : शाह

अमित शाह से की वक्फ संशोधन एक्ट
निरस्त करने की मांग, मिला आश्वासन

शाह ने कहा- सिफारिश लेकर न जाएं,
बिना दबाव के काम करेगी सरकार

**कांग्रेस के किले में आज से भाजपा के शाह का शंखनाद**

अमित शाह ने अंबेडकर की
प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

फिर हरियाणा फतह के मिशन पर शाह

सर्वजातीय राजनीति का फार्मूला देंगे शाह

हर तरफ शाही पॉलिटिक्स के चर्चे

शाह के 'यश' से सकते में कांग्रेस-इनेलो

शाह के स्वागत के लिए प्रदेश की राजनैतिक राजधानी तैयार...

ओबीसी के साथ दलित वोट बैंक को पक्का करने पर रहेगा फोकस

शाह ने साधा सोनिया-चौटाला पर निशाना, बोले

अपने परिवारों की बपौती बना ली पार्टियां







'भाजपा में ही बूथ अध्यक्ष बन सकता है राष्ट्रीय अध्यक्ष'

**CM at receiving end on Day 1 of Shah's visit**

**PM declares ₹2700cr flood package for NE**

Centre to intervene for SYL completion: Shah

बहादुरगढ़ से रोहतक तक भव्य स्वागत

Connect with people to strengthen BJP base, Shah tells party men

बार्डर से जाटलैंड तक शाही स्वागत

Rohtak gets ready to welcome Shah today

हर जिले का अलग रोडमैप बना काम करो

**मंत्री-विधायक जिताएंगे हारी सीटें**

47 मिनट के जोशीले और आंकड़ों से
परिपूर्ण भाषण में हर वर्ग को छुआ

सियासी जमीन पर शाह का शाही स्वागत

PM announces ₹2,350 cr aid for flood-hit N-E states

**हरियाणा में शाह की पाठशाला**

बंसीलाल के बाद भाजपा सरकार
विकास की धुरी पर केंद्रित : शाह

कार्य संस्कृति की मौलिकता को रखें बरकरार
नहीं तो कांग्रेस और वामपंथियों जैसा हाल होगा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष

ओबीसी बिल : चूक को हथियार बनाएगी भाजपा

कमजोर बूथों को ग्रेडिंग के आधार पर मजबूत करें

BJP राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान, CM के नेतृत्व में होगा 2019 का चुनाव

http://www.bjp.org/adhyakshiyapravas2017